वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 15.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 15.04.2025

क्यूआर कोड से पहचाने जाएंगे वैध और अवैध निर्माण

वाराणसी। शहर में हो रहे वैध और अवैध निर्माण की जानकारी क्यूआर कोड से होगी। वीडीए ने व्यावसायिक निर्माण कार्यस्थलों से इसकी शुरुआत की है। ताकि जांच करने वाले अधिकारी आसानी से पता कर सकें कि निर्माण वीडीए से वैध है या फिर अवैध है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर नोटिस के नीचे क्यूआर कोड अंकित रहेगा। इससे निर्माणकर्ता को भी सहूलियत होगी। साथ ही वीडीए के जांच अधिकारियों को भी जांच करने में आसानी होगी। ब्यूरो

राष्ट्रीय सहारा–दि0 15.04.2025

वीडीए में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

वाराणसी। वीडीए के में सोमवार को संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के दिशा-निर्देशन में किया गया, जिसमें प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोनल अधिकारी गौरव प्रकाश उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों व योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'आज का दिन हमें उनके सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देता है।' उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल एक महान विधिवेत्ता थे, बल्कि भारत के सबसे प्रखर चिंतक और सुधारक भी थे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के दिशा-निर्देशन में आयोजन को सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया गया। प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों ने भी डॉ. अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे और समाज में समता, न्याय और भाईचारे की स्थापना के लिए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यों व आचरण में डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाएंगे। आयोजन के दौरान अवधेश कुमार पाण्डेय, अनुरूद्ध पाण्डेय, रामबिलास पासवान व अन्य अधिकारी और कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण–दि0 15.04.2025

वीडीए करेगा पार्क का कायाकल्प

आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे स्टांप राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल ने घोषणा की कि पार्क का वीडीए की तरफ से कायाकल्प कार्य कराया जाएगा।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 15.04.2025

वाराणसी विकास प्राधिकरण परिसर में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के प्रांगण में आज संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के दिशा-निर्देशन में किया गया, जिसमें प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोनल अधिकारी गौरव प्रकाश उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों व योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन हमें उनके सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल एक महान विधिवेता थे, बल्कि भारत के सबसे प्रखर चिंतक और सुधारक भी थे।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के दिशा-निर्देशन में आयोजन को सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया गया।प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों ने भी डॉ. अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे और समाज में समता, न्याय और भाईचारे की स्थापना हेतु उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यों व आचरण में डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाएंगे। आयोजन के दौरान अवधेश कुमार पाण्डेय, अनुरूद्ध पाण्डेय, रामबिलास पासवान वअधिकारियों और कर्मचारिगण उपस्थित रहे ।

परफेक्ट मिशन–दि0 15.04.2025

वीडीए में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

वाराणसी (परफेक्ट मिशन)। वाराणसी विकास प्राधिकरण के प्रांगण में सोमवार को संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के दिशा-निर्देशन में किया गया, जिसमें प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोनल अधिकारी गौरव प्रकाश उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों व योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन हमें उनके सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देता है।